प्रादेशिक समाचार
05.10.2023 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जोधपुर में सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों में लगभग पांच हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार राजस्थान में अत्य़ाधुनिक विकास के ढांचे के लिए पूरा प्रय़ास कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान से भारत के गौरव, शौर्य और समृद्धि की झलक मिलती है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जी–20 सम्मेलनों के दौरान विदेशी प्रतिनिधियों ने राजस्थान का भ्रमण किया और यहां की विरासत की सराहना की। प्रधानमंत्री आज मध्य प्रदेश का भी दौरा करेंगे। इस दौरान वे करोड़ों रूपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन करेंगे।

****

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने आज नेशनल शूटर तारा शाहदेव प्रताड़ना से जुड़े नौ वर्ष पुराने यौन उत्पीड़न के मामले में रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल हसन को आजीवन कारावास, झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद को 15 वर्ष, रंजीत सिंह कोहली की मां कौशल रानी को 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इससे पहले अदालत ने तीस सितंबर को दोषी पाकर तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया था।

****

पाकुड़ जिले के हिरनपुर, लिटीपाड़ा एवं पाकुड़िया प्रखण्ड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के फेज थ्री के तहत लगभग 40 करोड़ रूपये की राशि से बनने वाले वाली सड़कों एवं पुल निर्माण योजना का शिलान्यास सासंद विजय हांसदा ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार आवागमन दुरुस्त करने की दिशा में हर सम्भव कदम उठा रही है। श्री हांसदा ने कहा कि सड़कों के बनने से गांवों की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि पुल एवं सडक के बन जाने से गांवों से प्रखण्ड एवं जिला मुख्यालय की न केवल दूरी कम होगी, बल्कि लोगों को हाट–बाजार, अस्पताल तथा पंचायत और प्रखण्ड कार्यालय आने–जाने में भी सुविधा होगी।

****

रांची जिले के आज पंडरा ओपी क्षेत्र के नया टोली छठ घाट के नदी से एक युवक का शव पुलिस ने आज बरामद किया है। शव की शिनाख्त देवनगर मुहल्ला निवासी सौरभ कुमार के रूप में की गई है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया तीन अक्टूबर को रात से ही वह लापता था। पुलिस ने शव को पोस्टमाटर्म के लिए रिम्स भेज दिया है।

****

हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा के सलाना उर्स ए मुबारक के पहले दिन आज पुलिस लाइन से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा के लिए चादर यात्रा निकाली गई। बाद में पुलिस जवानों ने बाबा पर चादरपोशी की। इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो सहित पुलिस लाइन के सार्जेंट और ट्रैफिक पुलिस के जवान मौजूद थे।

****

जामताड़ा जिले में ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

****

चीन में खेले जा रहे एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन जारी है। एशियाई खेलों के 12वें दिन आज भारत की स्ववर्णिम शुरूआत हुई और भारत ने दो स्वर्ण पदक जीते। स्क्वैश में भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू ने मलेशियाई जोड़ी को हराकर भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इससे पहले, तीरंदाजी की महिला कंपाउंड स्पर्धा में ज्योति सुरेखा, परनीत और अदिति की तिकड़ी ने चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण पदक देश के नाम किया। भारत 20 स्वर्ण, 31 रजत और 32 कांस्य सहित कुल 83 पदक जीतकर चौथे स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वर्ण पदक जीतने पर खिलाडियों को बधाई दी है और कहा है कि उनकी इस सफलता पर देश को गर्व है।

*********समाप्त************